Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 16 जनवरी, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-16-january-2021

जेम्स नाइस्मिथ

हाल ही में गूगल ने प्रोफेसर और बास्केटबॉल खेल के आविष्कारक जेम्स नाइस्मिथ को डूडल बनाकर सम्मानित किया है। जेम्स नाइस्मिथ का जन्म कनाडा के ओंटारियो में हुआ था। जेम्स नाइस्मिथ ने वर्ष 1891 की सर्दियों के दौरान बास्केटबॉल खेल का आविष्कार किया था। असल में प्रोफेसर जेम्स नाइस्मिथ एक ऐसा इंडोर खेल विकसित करना चाहते थे, जिसे सर्दियों के दौरान आसानी से खेला जा सके। इस तरह जेम्स नाइस्मिथ ने बास्केटबाल की शुरुआत की, जिसमें दीवार पर ऊँचाई में एक टोकरी लगी थी और सभी खिलाड़ियों को अंक अर्जित करने के लिये उस टोकरी में सॉकर गेंद डालनी थी। साथ ही किसी को चोट लगे इसके लिये उन्होंने नियम बनाया था कि कोई भी खिलाड़ी सॉकर गेंद के साथ भाग नहीं सकता, बल्कि उन्हें गेंद एक-दूसरे के ज़रिये आगे बढ़ानी होगी। बास्केटबॉल को पहली बार वर्ष 1904 में ओलंपिक खेल सेंट लुइस में एक डेमोंस्ट्रेशन स्पोर्ट्स के रूप में प्रस्तुत किया गया था। बास्केटबॉल को 28 खिलाड़ियों की दो टीमों द्वारा 28m x 15m के कोर्ट पर खेला जाता है, जिसमें सभी खिलाड़ियों को गेंद बास्केट में डालकर अंक अर्जित करने होते हैं। बास्केटबॉल को 10-10 मिनट की चार स्लॉट्स में खेला जाता है।

कागज़ रहित/पेपरलेस बजट

1 फरवरी, 2021 को प्रस्तुत किया जाने वाला केंद्रीय बजट मौजूदा कोरोना वायरस महामारी के मद्देनज़र पूर्ण रूप से कागज़ रहित/पेपरलेस होगा। गौरतलब है कि आज़ादी के बाद यह पहला अवसर होगा, जब केंद्रीय बजट को कागज़ पर प्रकाशित नहीं किया जाएगा और यह पूर्णतः पेपरलेस होगा। केंद्र सरकार को दोनों सदनों से इस संबंध में अनुमति मिल गई है। ज्ञात हो कि बजट के प्रकाशन के कारण प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक लोगों को एक साथ प्रिंटिंग प्रेस में तकरीबन दो सप्ताह तक काम करना पड़ता है, जो कि मौजूदा महामारी की दृष्टि से काफी खतरनाक है। इस व्यवस्था के मुताबिक, संसद के सभी सदस्यों को बजट की डिजिटल कॉपी प्रदान की जाएगी। बजट के साथ-साथ आर्थिक सर्वेक्षण को भी कागज़ पर प्रिंट नहीं किया जाएगा, बल्कि वह भी डिजिटल कॉपी के रूप में उपलब्ध होगा। 29 जनवरी, 2021 को शुरू हो रहा मौजूदा वर्ष का बजट सत्र 8 अप्रैल, 2021 तक चलेगा और इसे कुल दो हिस्सों में विभाजित किया जाएगा। इस प्रकार कहा जा सकता है कि बजट एक वार्षिक वित्तीय विवरण होता है, जो वित्तीय वर्ष के दौरान अपेक्षित राजस्व और अनुमानित व्यय को दर्शाता है। स्वतंत्र भारत का पहला बजट

वित्त मंत्री आर.के. शनमुखम चेट्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया था। वहीं वर्ष 1970-71 का केंद्रीय बजट इस मायने में खास था कि उसे पहली बार किसी महिला (तत्कालीन प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री इंदिरा गांधी) द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

झारखंड संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा नियम, 2021

हाल ही में झारखंड सरकार ने 'झारखंड संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा नियम, 2021' जारी किये हैं, साथ ही झारखंड राज्य ने अपने गठन के बाद पहली बार झारखंड सिविल सेवा से संबंधित नियम बनाए हैं। झारखंड सिविल सेवा को लेकर बनाए गए नए नियमों के मुताबिक, झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) द्वारा प्रत्येक वर्ष की शुरुआत में परीक्षाओं का कैलेंडर प्रकाशित किया जाएगा। इस तरह अब राज्य में प्रतिवर्ष परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। नए नियमों में कहा गया है कि मेंस (लिखित) परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या विज्ञापन रिक्तियों की कुल संख्या से लगभग 15 गुना अधिक होगी। इन नियमों में स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों से संबंधित कोई नियम नहीं बनाया गया है, जबकि संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा इस संबंध में प्रावधान किया गया है। झारखंड सिविल सेवा के लिये इन नियमों की आवश्यकता को इस बात से समझा जा सकता है कि झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) द्वारा बीते 20 वर्षों में केवल 6 परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। इस तरह इन नियमों के माध्यम से झारखंड में सिविल सेवा में चयन की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित किया जा सकेगा।

सड़क सुरक्षा माह

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 18 जनवरी, 2021 को नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन सभी सड़क उपयोगकर्त्ताओं के लिये सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का आयोजन देश भर में आम जनता, विशेषकर युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। साथ ही इसका उद्देश्य सभी पक्षकारों को सड़क सुरक्षा हेतु योगदान बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। इस माह के दौरान स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ वाहन चालकों और सड़क का उपयोग करने वाले आम लोगों के लिये विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सड़क दुर्घटना के कारणों और दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों को रेखांकित किया जाएगा।